# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

**(चौदहवां सत्र)**

**लिखित उत्तर हेतु प्रश्न**

## मंगलवार, 28 मार्च, 2017/ 7 चैत्र, 1939 (शक्)

----

[**सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - वन मंत्री - शहरी विकास मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा सहकारिता मंत्री** ].

**कुल प्रश्न** - 17

----

**आशा वर्कर्ज़**

1681 **श्री विनोद कुमार(नाचन) :**
**श्री मनोहर धीमान(इन्दौरा) :**
**श्री गोविन्द राम शर्मा(अर्की) :**
**श्री बम्बर ठाकुर(बिलासपुर) :**
**श्री बिक्रम सिंह जरयाल(भटियात) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में प्रदेश में कितनी आशा वर्कर नियुक्त की गई हैं; ब्यौरा जिलावार दें;

(ख) इनको कितना मासिक वेतन दिया जाता है और इनकी शैक्षणिक योग्यता क्या है; ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार क्या इनकी सेवा को नियमित करने हेतु कोई नीति बनाने का विचार रखती है?

----

**व्यवसाय ऋण**

1682 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत अनुसूचित जाति विकास निगम के

माध्यम से कितने लोगों को अपना व्यवसाय चलाने के लिए ऋण दिया गया है; ब्यौरा नाम पते सहित दें; और

(ख) यह ऋण कितने प्रतिशत ब्याज दर पर दिया जाता है ?

----

## पानी फिल्टर बैड

1683 **श्री बम्बर ठाकुर (बिलासपुर)**ः

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) यह सत्य है कि Terafil Water Filter बनाने का कोई Unit प्रदेश में है; यदि हां, तो सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदेश में कितने Terafil Water Filter लगाए गए;

(ख) यह किस फर्म से खरीदे गए तथा इसकी कितनी कीमत थी; ब्यौरा दें; और

(ग) प्रदेश में इस Unit से किस-किस विभाग को कितने-कितने Filter वितरित किए गए; ब्यौरा दें?

----

## सड़कों की मरम्मत

1684 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात)**ः

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत चार वर्षों में भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी जीप योग्य सड़क का निर्माण किया गया; ब्यौरा दें; और

(ख) इन सड़कों के निर्माण हेतु कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा दें?

----

## पार्किंग हेतु निविदाएं

1685 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर(मनाली)** ः

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) मनाली नगर परिषद् के अन्तर्गत कुल कितने पार्किंग स्थल हैं;

(ख) इनके निर्माण पर कितनी-कितनी धनराशि खर्च की गई तथा कितनी गाड़ियों को खड़ा करने की क्षमता है; ब्यौरा पार्किंगवार दें;

(ग) गत वर्ष इनका टेंडर कितनी धनराशि का किया गया, किस-किस ने भाग लिया; ब्यौरा दें; और

(घ) किस-किस समाचार पत्र में विज्ञापन जारी किए गए; प्रतियां सभा पटल पर रखें?

----

**Purchase of material**

1686 **Sh. Virender Kanwar (Kutlehar):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that:-

whether it is a fact that during the last three years in Division No. 1 & 2 of District Una various items/material has been purchased by the Department of Irrigation and Public Health; if so, the following details be given:-

(i) name of items with quantity and date-wise;

(ii) value of each item and mode of procurement;

(iii) name of Firm/Contractor from whom purchased;

(iv) what quality at the time of procurement and thereafter till utilization;

(v) amount paid with date of each item and mode of payment; and

(vi) whether utilized for the same purpose for which it was purchased?

----

**मुख्य मन्त्री आदर्श योजना**

1687 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में तीसा विकास खण्ड की कितनी पंचायतें मुख्य मन्त्री आदर्श योजना के अंतर्गत चल रही हैं; ब्यौरा पंचायतवार दें; और

(ख) इस वित्तीय वर्ष में दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक इस योजना के अन्तर्गत कितने कार्य पूर्ण नहीं किए गए और कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा कारणों सहित दें?

----

**पेयजल की कमी**

1688 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) यह सत्य है कि चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत भन्जराडू, तीसा एवं खुशनगरी पंचायतों में पेयजल की आपूर्ति पर्याप्त नहीं है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार इन पंचायतों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध करवाने हेतु क्या पग उठा रही है?

----

## बागवानी हेतु धनराशि

1689 **श्री महेन्द्र सिंह** (**धर्मपुर**)ः

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) प्रदेश सरकार द्वारा विश्व बैंक द्वारा स्वीकृत 1134 करोड़ रूपये की धनराशि प्राप्त करने के लिए जो दस्तावेज़ विश्व बैंक को भेजे गए, इनमें ऊंचाई, मध्यम ऊंचाई और मैदानी क्षेत्रों में तैयार होने वाले कौन-कौन से फलदार पौधों को शामिल किया गया है; ब्यौरा दस्तावेज़ों सहित सभा पटल पर रखें;

(ख) सेब-नाशपाती-चैरी के कितने पौधे किन-किन देशों से किस-किस दर पर क्रय किए गए; ब्यौरा दें; और

(ग) गत तीन वर्षों में दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक कितने पौधे जो विदेशों से क्रय किए गए हैं किन-किन बागवानों को किस-किस दर पर आबंटित किए गए; ब्यौरा नाम पते सहित दें?

----

## कब्रिस्तान हेतु भूमि

1690 **श्री महेन्द्र सिंह** (**धर्मपुर**)ः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में कब्रिस्तानों के लिए कितनी-कितनी भूमि कहां-कहां दी गई है; ब्यौरा कब्रिस्तानवार दें;

(ख) यह सत्य है कि जिला मण्डी की तहसील धर्मपुर के गांव भडियार में पुराने कब्रिस्तान को 00-43-38 है0 भूमि दी गई थी, जो पुश्त-दर-पुश्त थी; जो अब पूर्ण रूप से बह गई है;

(ग) यदि हां, तो प्रधान मुस्लिम कल्याण समिति भडयार मण्डी ने खसरा नं0 3124/1885/1 रकवा तादादी 00-04-20 है0, खसरा नं0 3133/1916/1 रकवा तादादी 1-14-25 है0; किता-किता कुल रकवा 01-18-45 स्थित मुहाल भडयार/146 तहसील धर्मपुर, जिला मण्डी में कब्रिस्तान के लिए मिसल बना कर भेजी है; क्या सरकार जनहित में इस भूमि को कब्रिस्तान के नाम हस्तांतरित करने का विचार रखती है; और

(घ) सरकार क्या मुर्दों को दफनाने के लिए अन्य विकल्प पर भी विचार करेगी?

----

## पार्किंग/टैक्स फीस वृद्धि

1691 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)ः**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार को हिल ऑटो यूनियन भुन्तर से पार्किंग फीस व अन्य टैक्सों में अकस्मात अनावश्यक वृद्धि के विरूद्ध कोई प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुआ है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस पर क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा दें?

----

## हैंडपम्पों को चालू करना

1692 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) कुल्लू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने हैंडपम्प कब-कब से सूखे चल रहे हैं; और

(ख) कितने ऐसे हैं जिनकी फलैशिंग सम्भव है; उन्हें कब तक चालू कर दिया जाएगा; जिनकी मरम्मत नहीं हो सकती है; क्या सरकार की उनके स्थान पर नए पम्प लगाने की योजना है; यदि हां, तो कब तक?

----

## स्वास्थ्य-केन्द्र शिलाई

1693 **श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) शिलाई विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने उप-स्वास्थ्य, प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य-केन्द्र हैं; ब्यौरा दें;

(ख) दिनांक 01 जनवरी, 2013 से 15 फरवरी, 2017 तक कितने स्वास्थ्य-केन्द्रों का उन्नयन किया गया; ब्यौरा दें; और

(ग) इन स्वास्थ्य-केन्द्रों में कितने पद स्वीकृत हैं तथा कितने रिक्त हैं तथा इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

----

## बागवानों को सब्सिडी

1694 **श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई)**ः

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक पांवटा साहिब व शिलाई विकास खण्डों में कितने बागवानों को विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत उपदान दिया गया; ब्यौरा दें; और

(ख) इस अवधि में कितने बागवानों के मामले लम्बित पड़े हैं; ब्यौरा दें?

----

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन

1695 **श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई)**ः

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत चार वर्षों में शिलाई विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कल्याण विभाग के माध्यम से कितने लोगों को अपंग, वृद्ध, विधवा व एकल नारी पेंशन जारी की गई; ब्यौरा नाम व पते सहित दें?

----

## उप-मण्डलाधिकारी कार्यालय

1696 **श्री सुरेश कुमार (पच्छाद)**ः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सराहां में उप-मण्डलाधिकारी का कार्यालय महीने में 10 दिन कार्य कर रहा है;

(ख) यदि हां, तो यह कब से शुरू किया गया; इसकी प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ग) इस कार्यालय में दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक क्या-क्या कार्य किए गए; ब्यौरा दें?

----

## टिशू कल्चर प्रयोगशाला की स्थापना

1697 **श्री रवि ठाकुर (लाहौल और स्पिति)**ः

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) वर्तमान में प्रदेश में सरकारी व निजी क्षेत्र में सेब की कितनी Tissue Culture Lab. स्थापित हैं; निजी Tissue Culture Lab. के मालिक/कम्पनी का ब्यौरा नाम व पते सहित दें;

(ख) निजी Tissue Culture Lab. कितने क्षेत्र पर कहां-कहां स्थापित की गई हैं; दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक इन निजी Tissue Culture Lab. ने कितने पौधे बेचे; ब्यौरा वर्षवार दें;

(ग) निजी Tissue Culture Lab. में तैयार की गई नर्सरी की गुणवत्ता को क्या जांचा जाता है; ब्यौरा दें; और

(घ) इन लैबों को निजी क्षेत्र में स्थापित करने के लिए कितना अनुदान प्रदेश सरकार व केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं (National Horticulture Board व Horticulture Technology Mission) के अन्तर्गत दिया जाता है; ब्यौरा अनुदान दी गई धनराशि का अलग-अलग से दें?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**

**दिनांकः 10 मार्च, 2017.** **सचिव।**